NHS
Test and Trace

**यह जांच शुरू करने से पहले यह सम्पूर्ण गाइड ध्यानपूर्वक पढ़ें।**
**हो सकता है यह जांच आपके द्वारा पहले प्रयुक्त जांच से भिन्न हो।**

# DHSC COVID-19 खुद-जांच करने (रैपिड एंटीजन टेस्ट) के लिए आपकी चरण-दर-चरण गाइड




प्रयोग के लिए ये अनुदेश केवल DHSC COVID-19 खुद-जांच करने (रैपिड एंटीजन टेस्ट) से संबन्धित हैं।

इस गाइड में यह वर्णन किया गया है कि आप COVID-19 संबंधी अपनी एवं किसी दूसरे व्यक्ति की जांच कैसे करें, तथा NHS को उसके परिणाम कैसे सूचित करें।

वैकल्पिक भाषायी संस्करण तथा वीडियो निरूपण निम्नलिखित पर उपलब्ध हैं:
**gov.uk/covid19-self-test-help**

**अपने सभी जांच परिणामों के बारे में NHS को सूचित करें**

# आपको क्या करना चाहिए?

## आपकी चरण-दर-चरण गाइड

15 मिनट सेट अप

अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा उन चरणों का सही क्रम में पालन करें। प्रत्येक जांच की स्थापना में लगभग 15 मिनट लगते हैं तथा अगले 30 मिनट के बाद परिणाम तैयार हो जाएंगे।


| खंड | शीर्षक | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1 | अपने जांच क्षेत्र को तैयार करें | 6 |
| | अपनी जांच किट सामग्री को जांचें | 7 |
| 2 | अपनी जांच स्थापित करें | 8 |
| 3 | अपना स्वैब नमूना लें | 10 |
| | किसी दूसरे पर परीक्षण करना | 11 |
| 4 | स्वैब के नमूने को संसाधित करें | 12 |
| 5 | अपने परिणाम को पढ़ें | 14 |
| 6 | अपना परिणाम सूचित करें | 15 |
| 7 | आपके परिणामों का क्या अर्थ है | 16 |
| 8 | जांच निष्पादन | 17 |
| 9 | अपनी जांच किट को सुरक्षित ढंग से निपटाएं | 17 |
| | अपने जांच परिणामों को नोट करें | 18 |


## COVID-19 वाले हरेक 3 लोगों में से लगभग 1 व्यक्ति को यह नहीं पता कि उसे COVID-19 है।

नियमित खुद-जांच करके हम इसके प्रसार को धीमा कर सकते हैं तथा अपने परिवारों एवं समुदायों में सबसे कमज़ोर लोगों की रक्षा करने में सहायता कर सकते हैं।

## जांच करने संबंधी सलाह

आपकी सहायता के लिए मार्गदर्शन के साथ-साथ अत्यधिक उपयोगी सलाह, परामर्श तथा चेतावनी बॉक्स उपलब्ध किए गए हैं। इन अनुदेशों का सावधानीपूर्वक चरण-दर-चरण पालन करने से, आपके पास कोई विश्वसनीय परिणाम पाने की बेहतर संभावना रहेगी।

### सामान्य मार्गदर्शन तथा चेतावनियां

- हरेक व्यक्ति के लिए अलग-अलग जांच किट का प्रयोग करें। आप इस जांच किट की प्रत्येक सामग्री का केवल एक बार प्रयोग कर सकते हैं।
- किसी भी सामग्री का पुनः प्रयोग न करें। आपको प्रत्येक व्यक्ति के परिणाम को सूचित करना होगा।
- यदि आपके हाथों अथवा दृष्टि में कोई परेशानी है, तो हो सकता है आपको स्वैब तथा जांच प्रक्रिया में अपनी सहायता के लिए किसी दूसरे व्यक्ति की आवश्यकता पड़े।
- यदि आपकी नासिका वेध की हुई है, तो दूसरे नथुने का स्वैब लें। यदि दोनों ओर वेध किये हैं, तो स्वैब लेने से पहले किसी एक तरफ के वेध को हटा दें।
- यदि पिछले 24 घंटों के भीतर आपकी नाक से रक्त बहा हो, तो दूसरे नथुने का स्वैब लें अथवा 24 घंटों तक इंतजार करें।
- जांच के व्यर्थ होने के जोखिम को कम करने के लिए जांच करने से पूर्व कम से कम 30 मिनट पहले तक न कुछ खाएं न कुछ पीएं।
- ये किट केवल इंसानों के प्रयोग के लिए बनाई गई हैं।

**सलाह**

**इस जांच किट का भंडारण कमरे के तापमान अथवा शीत खुश्क स्थान (2°C से 30°C) पर करें। इसे सूरज की सीधी रोशनी में तथा किसी फ्रिज अथवा फ्रीजर में न रखें।**

इस किट का प्रयोग कमरे के तापमान (15°C से 30°C) पर किया जाना चाहिए। यदि इस किट का भंडारण किसी ठंडी जगह (15°C से कम) पर किया गया हो, तो इसे प्रयोग करने से पहले 30 मिनट तक कमरे के सामान्य तापमान पर रख दें।

**इस जांच किट को बच्चों से दूर रखें।**

# इस जांच के बारे में

## आपको खुद-जांच क्यों करनी चाहिए

यह खुद-जांच किट लक्षणहीन लोगों के लिए है, यह नाक एवं गले की एक स्वैब जांच है ताकि यह जांचा जा सके कि आप संक्रमित हैं अथवा नहीं।

लक्षणहीन लोग वे लोग हैं जिनमें वायरस तो होता है परंतु इसके कोई लक्षण दिखाई नहीं देते।

### यदि आपकी COVID-19 जांच पॉज़िटिव आती है तो आप निम्नलिखित कर सकते हैं:

- इस बीमारी के प्रसार को सीमित करने में सहायता करें, सरकारी मार्गदर्शनों का पालन करते हुए आपको एवं आपके परिवार को स्वयं को अलग रखना चाहिए: **nhs.uk/conditions/coronavirus-covid-19/self-isolation-and-treatment/**
- COVID-19 के संभावित संक्रमण की जांच करने के लिए उन लोगों के जिनके आप निकट संपर्क में आए हों, अथवा पिछले 14 दिनों में आप जिन स्थानों पर गए हों उनके बारे में बताएं।

### यदि आपकी COVID-19 जांच नेगेटिव आती है तो

इस बात की संभावना है कि आप उस समय संक्रमित नहीं थे जब परीक्षण किया गया था। फिर भी, परीक्षण का नेगेटिव परिणाम इस बात कि गारंटी नहीं है कि आपको कोरोनावायरस नहीं है।


**सलाह**

यदि आपमें कोरोनावायरस (COVID-19) के लक्षण हैं अथवा आपको कोरोनावायरस (COVID-19) हो गया है, तो कृपया NHS मार्गदर्शनों को ऑनलाइन देखें: **nhs.uk/conditions/coronavirus-COVID-19**

यदि आपमें कोरोनावायरस (COVID-19) के लक्षण हैं तथा आपकी हालत बदतर हो जाती है, अथवा आप सात दिनों के बाद बेहतर नहीं होते, तो NHS **111** ऑनलाइन सेवा पर जाएं: **111.nhs.uk**. यदि आपके पास इंटरनेट नहीं है, तो NHS **111** पर कॉल करें। चिकित्सकीय आपात स्थिति के लिए **999** डायल करें।

**यदि आप चिंतित हैं तो सहायता लेने में देरी न करें। अपने सहज-बोध पर यकीन करें।**

## यह जांच किसके लिए उचित है



**18+ आयु के वयस्क**
खुद-जांच करें तथा सूचित करें, यदि आवश्यकता पड़े तो सहायता लें।



**12-17 वर्ष की आयु के किशोर**
किसी वयस्क के निरीक्षण में खुद-जांच करें तथा सूचित करें। यदि आवश्यक हो तो कोई वयस्क व्यक्ति जांच कर सकता है।



**12 वर्ष से कम आयु के बच्चे**
12 वर्ष से कम आयु के बच्चों की जांच किसी वयस्क द्वारा की जानी चाहिए।
यदि आप किसी बच्चे की जांच करने में आश्वस्त महसूस नहीं करते, तो यह जांच न करें।

### कितनी बार जांच करें

आप कितनी बार जांच करें यह आपकी परिस्थितियों एवं मौजूदा राष्ट्रीय अथवा स्थानीय दिशानिर्देशों के आधार पर भिन्न हो सकता है।

### अतिरिक्त सहायता कहां से लें

खुद-जांच संबंधी अधिक जानकारी: **gov.uk/covid19-self-test-help** पर देखें

# 1. अपने जांच क्षेत्र को तैयार करें




**30**
**मिनट**

अपनी जांच से 30 मिनट पहले तक न कुछ खाएं तथा न कुछ पीएं

आपको निम्नलिखित की आवश्यकता होगी:

- कोई घड़ी अथवा दीवार/टेबल घड़ी जैसा कोई टाइमर
- टिश्यू
- एक दर्पण
- सरफेस क्लीनर
- हैंड सैनिटाइज़र अथवा साबुन तथा गुनगुने पानी तक पहुंच।



**1** इस अनुदेश गाइड को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
यदि आपको और मदद की आवश्यकता पड़े तो आप ऑनलाइन स्वैब जांच संबंधी वीडियो भी देख सकते हैं:
**gov.uk/guidance/covid-19-self-test-help**



**2** परीक्षण शुरू करने से तुरंत पहले, जांच किट रखने के लिए किसी समतल सतह को साफ करें, पोंछें तथा उसे सूखा लें।





**3** 20 सेकेंड तक साबुन तथा गुनगुने पानी, अथवा हैंड सैनिटाइज़र का प्रयोग करते हुए अपने हाथों को अच्छी तरह से धोएं।

यदि आप एक से अधिक जांच कर रहे हों तो प्रत्येक जांच के मध्य उस सतह को साफ करें तथा अपने हाथ पुनः धोएं।




# अपनी जांच किट सामग्री को जांचें


**4** आपके जांच बॉक्स में निम्नलिखित होने चाहिए:




निष्कर्षण ट्यूब होल्डर





सीलबंद पैकेज में जांच स्ट्रिप




निष्कर्षण बफर सैशे



बफर ट्यूब



कचरा बैग




सीलबंद आवरण के अंदर स्वैब


**सलाह**

**यदि कोई वस्तु क्षतिग्रस्त, टूटी हुई अथवा अनुपलब्ध हो तो क्या करें**
यदि आपको कोई वस्तु क्षतिग्रस्त, टूटी हुई अथवा अनुपलब्ध दिखाई दे, तो कृपया उस जांच किट का प्रयोग न करें। आप फोन करके उपभोक्ता संपर्क केंद्र को फीडबैक दे सकते हैं। लाइनें प्रतिदिन, सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली रहती हैं।

कॉल: **119** (मोबाईल तथा लैंडलाइन से नि:शुल्क)।
हम 200 भाषाओं के साथ-साथ ब्रिटिश सांकेतिक भाषा में भी सहायता प्रदान करते हैं।

यदि आपको किसी उपकरण से चोट लगी है तो इसकी सूचना देने से दूसरों की सहायता हो सकती है, कृपया इस पर जाएं:
**coronavirus-yellowcard.mhra.gov.uk**


# 2. अपनी जांच स्थापित करें





**5** जांच स्ट्रिप को सीलबंद बैग से बाहर निकालें तथा इसे साफ समतल सतह पर रखें।

**चेतावनी**

खोलने के बाद, 30 मिनट के भीतर जांच शुरू करें।



**6** इस ट्यूब को बॉक्स के अंदर लगे निष्कर्षण ट्यूब होल्डर में रखें।




**7** सैशे को ध्यानपूर्वक घूमा कर अथवा झटके से खोलें। इसे अपने चेहरे से दूर रखकर खोलें तथा सावधानी बरतें कि कोई भी द्रव बिखर न पाए।





**8** निष्कर्षण ट्यूब को खोलें तथा सैशे का सारा तरल पदार्थ धीरे से दबाकर ट्यूब में डाल दें।

इस बात का ध्यान रखें कि सैशे ट्यूब से स्पर्श न हो पाए। इस सैशे को दिए गए कचरा बैग में रख दें।




**9** अपनी नाक को किसी टिश्यू में धीरे से साफ करें तथा उस टिश्यू को किसी बंद कूड़ेदान में फेंक दें।

यदि आप किसी बच्चे की जांच कर रहे हैं तो नाक साफ करने में उनकी सहायता करें। यह इसलिए है ताकि आप अतिरिक्त बलगम से छुटकारा पा सकें।




**10** 20 सेकेंड तक साबुन तथा गुनगुने पानी, अथवा हैंड सैनिटाइज़र का प्रयोग करते हुए अपने हाथों को दोबारा अच्छी तरह से धोएं।


यदि आप यह जांच किसी दूसरे व्यक्ति पर कर रहे हैं, तो आप दोनों को अपने हाथ दोबारा धोने अथवा सैनिटाइज़ करने चाहिए।




**11** अपने सामने स्वैब को सीलबंद आवरण में पाएं। स्वैब की नर्म, कपड़े की नोक को पहचाने।

**चेतावनी**

स्वैब की नर्म, कपड़े की नोक को स्पर्श न करें।





**12** स्वैब की पैकेजिंग को केवल तभी खोलें जब आप इसे प्रयोग करने के लिए तैयार हों तथा स्वैब को धीरे से निकालें।

# 3. अपने स्वैब के नमूने लें

**चेतावनी**


स्वैब के कपड़े की नोक से जीभ, दाँत, गाल, मसूढ़े अथवा किन्हीं अन्य सतहों को स्पर्श न करें। यदि यह किसी भी दूसरी वस्तु को स्पर्श कर लेता है, तो इससे आपका नमूना खराब हो सकता है। स्वैब की नर्म, कपड़े की नोक को कभी भी अपने हाथों से स्पर्श न करें।

**यदि आप 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे अथवा किसी ऐसे व्यक्ति की जांच कर रहे हैं जिसे मदद चाहिए, तो पृष्ठ 11 पर दिए चरणों का पालन करें।**





**13** अपना मुंह पूरा खोलें तथा स्वैब के कपड़े की नोक दोनों टॉन्सिल (अथवा जहां वे होते) पर रगड़ें।

दोनों ओर 4 बार अच्छे संपर्क के साथ ऐसा करें (ऐसा करने में अपनी मदद के लिए किसी टॉर्च अथवा किसी दर्पण का प्रयोग करें)। अपने गले के पीछे से इस स्वैब को ध्यानपूर्वक निकालें।




**14** वही स्वैब धीरे से एक नथुने में डालें जब तक आप मामूली प्रतिरोध (आपकी नाक में लगभग 2.5 से.मी. तक अंदर) महसूस न करें।




**15** नथुने के अंदर स्वैब को धीरे धीरे 10 बार गोल गोल घुमाएं। बल का प्रयोग न करें।


यह असुविधाजनक लग सकता है।
यदि आपको ज्यादा प्रतिरोध अथवा दर्द महसूस हो तो स्वैब को और अंदर ना घुसाएं।



# किसी दूसरे की जांच करना


12 वर्ष से कम आयु के बच्चों की जांच किसी वयस्क द्वारा की जानी चाहिए। किसी भी बच्चे अथवा ऐसे व्यक्ति जिसे मदद की आवश्यकता हो, को तैयार करने एवं उसकी जांच करने के लिए निम्नलिखित मार्गदर्शनों का पालन करें। आप: **gov.uk/guidance/covid-19-self-test-help** पर एक निरूपण वीडियो देख सकते हैं

यदि आप किसी बच्चे की जांच कर रहे हैं, तो उन्हें जांच किट दिखाएं तथा उनसे इस बारे में बात करें कि आप क्या करने जा रहे हैं। हो सके तो उन्हें किसी की गोद में बिठाएं अथवा किसी और से उसका हाथ पकड़ने को कहें। बच्चे को किसी टिश्यू में अपनी नाक साफ करने के लिए कहें। टिश्यू को किसी बंद कूड़ेदान में डाल दें।





**13** स्वैब को अपने हाथ में पकड़ें, बच्चे को पूरा मुंह खोलने के लिए तथा सिर पीछे की ओर झुकाने के लिए कहें। स्वैब के कपड़े की नोक दोनों टॉन्सिल (अथवा जहां वे होते) पर धीरे-धीरे रगड़ें।

दोनों ओर 4 बार अच्छे संपर्क के साथ ऐसा करें। स्वैब को ध्यानपूर्वक हटाएं।



**14** उसी स्वैब के कपड़े की नोक को उनके किसी 1 नथुने में तब तक डालें जब तक आपको कुछ प्रतिरोध महसूस नहीं होता।





**15** उनके नथुने के अंदर स्वैब को धीरे धीरे 10 बार गोल गोल घुमाएं।

यदि आपने टॉन्सिल्स को स्वैब नहीं किया, तो दोनों नथुनों में प्रत्येक में 10 चक्कर पूरे करते हुए उन्हें स्वैब करें।

# 4. स्वैब के नमूने संसाधित करें


**सुझाव:**

बेहतरीन निष्पादन के लिए, अपने नथुने पोंछने के बाद यथाशीघ्र स्वैब की जांच करें।




**16** निष्कर्षण ट्यूब को उठाएं तथा स्वैब के कपड़े की नोक को निष्कर्षण ट्यूब में रखें, ताकि यह तरल पदार्थ में हो।


15 सेकेंड तक स्वैब को घुमाते हुए, निष्कर्षण ट्यूब के भीतरी किनारे के प्रति नोक को ज़ोर से दबाएं। यह आपके नमूने को द्रव में स्थानांतरित करने के लिए है।



**17** जैसे ही आप इसे हटाएं, तो निष्कर्षण ट्यूब को स्वैब के प्रति पिंच करें।

यह सुनिश्चित करें कि आप स्वैब की नर्म नोक से सारा तरल पदार्थ निकाल दें।

इस स्वैब को दिए गए कचरा बैग में रख दें।




**18** किसी भी रिसाव से बचने के लिए कैप को निष्कर्षण ट्यूब पर कसकर दबाएं।

**सलाह**


यह चरण पूरा करने के बाद अपने हाथ पुनः धोएं।






**19** यह सुनिश्चित करें कि जांच किट किसी साफ एवं समतल सतह पर हो।

जांच के दौरान स्ट्रिप को न हिलाएं।




**20** निष्कर्षण ट्यूब को धीरे से दबाएं ताकि तरल पदार्थ की 2 बूंदें जांच स्ट्रिप पर सैंपल वेल (S) में रखी जा सकें।

यह सुनिश्चित करें आप तरल पदार्थ डाल रहे हों तथा कोई हवा का बुलबुला नहीं। नमूना संग्रहण वायल को स्वैब के साथ कचरा बैग में डाल दें।




**21** टाइमर लगाएं तथा अपना परिणाम पढ़ने से पूर्व 30 मिनट तक प्रतीक्षा करें।

20 मिनट के बाद किसी भी समय कोई पॉज़िटिव परिणाम प्रकट हो सकता है, फिर भी आपको कोई नेगेटिव परिणाम दर्ज करने के लिए पूरे 30 मिनट तक प्रतीक्षा करनी चाहिए क्योंकि जांच लाइन (T) को प्रकट होने में इतना समय लग सकता है।

अपना परिणाम पढ़ने एवं सूचित करने के ढंग को अगले पृष्ठ पर देखें। >>




अपने सभी जांच परिणामों के बारे में NHS को सूचित करें

# 5. अपने परिणाम को पढ़ें

**महत्त्वपूर्ण**

जांच को विकसित होने के लिए 30 मिनट से अधिक समय न दें क्योंकि इससे यह परिणाम शून्य हो जाएगा।

30 मिनट





### पॉज़िटिव परिणाम

दो लाइनें प्रकट होती हैं। एक रंगीन लाइन नियंत्रण लाइन क्षेत्र (C) में होनी चाहिए, तथा दूसरी रंगीन लाइन जांच लाइन क्षेत्र (T) में होनी चाहिए।

दो लाइनें, जिनमें से एक C के आगे तथा दूसरी T के आगे, चाहे लाइनें हल्की भी हों, यह दर्शाती हैं कि जांच पॉज़िटिव आई है।


**महत्त्वपूर्ण**

यदि आपकी जांच पॉज़िटिव आई है, तो आपको तथा आपके परिवार को सरकारी मार्गदर्शनों का पालन करते हुए स्वयं को अलग रखना चाहिए: **nhs.uk/conditions/coronavirus-covid-19/self-isolation-and-treatment/**




### नेगेटिव परिणाम

एक रंगीन लाइन नियंत्रण लाइन क्षेत्र (C) में प्रकट होती है। जांच लाइन क्षेत्र (T) में कोई भी लाइन प्रकट नहीं होती।





### शून्य परिणाम

नियंत्रण लाइन (C) प्रकट नहीं होती।

# 6. अपना परिणाम सूचित करें

## आपको अपना पॉज़िटिव, नेगेटिव तथा शून्य परिणाम NHS को सूचित करना चाहिए।




सभी परीक्षण परिणामों को दर्ज करने से वैज्ञानिकों को किसी भी नए वायरस के प्रकोप का पता लगाने तथा उसके प्रति की जाने वाली कार्रवाई के बारे में सलाह देने में सहायता मिलती है। यदि लोग केवल पॉज़िटिव परिणाम की रिपोर्ट करते हैं, तो मामलों का स्तर वास्तव में जितना है, उससे अधिक दिखता है।

इसलिए, चाहे आपका परिणाम नेगेटिव अथवा शून्य हो, आप यह सुनिश्चित करेंगे कि NHS जानकारी सटीक रहे।

अपना परिणाम सूचित करने के लिए आपको QR कोड या इसके नीचे ID संख्या की जरूरत होगी।



### ऑनलाइन सूचित करें (सबसे तेज़)

यदि आप इंगलैंड, वेल्स अथवा उत्तरी आयरलैंड में रहते हैं तो यहां देखें:
**gov.uk/report-covid19-result**

यदि आप स्कॉटलैंड में रहते हैं तो यहां देखें:
**covidtest.scot**



### अथवा टेलीफोन से सूचित करें।

**119** पर कॉल करें

लाइनें प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली हैं, (मोबाइल एवं लैंडलाइन से नि:शुल्क)

# 7. आपके परिणामों का क्या अर्थ है

## आपने अपनी जांच केवल तभी पूरी की है जब आपने अपना परिणाम बताया है

### पॉज़िटिव परिणाम

यदि आपका परिणाम पॉज़िटिव आता है, तो यह इस ओर इंगित करता है कि आप वर्तमान में COVID-19 से संक्रमित हैं तथा आपसे दूसरों के संक्रमित होने का खतरा है। जब आप अपना परिणाम सूचित करते हैं, तो आपको आगे क्या करना है संबंधी और जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

**चेतावनी**

आपको, जो कोई भी आपके साथ रहता है उसको, तथा आपके सहायता दायरे में हर किसी को, मौजूदा राष्ट्रीय एवं स्थानीय मार्गदर्शन के अनुसार जो: **nhs.uk/conditions/coronavirus-COVID-19/self-isolation-and-treatment/** पर उपलब्ध हैं, स्वयं को अलग रखना चाहिए

### नेगेटिव परिणाम

यदि आपका परिणाम नेगेटिव आता है, तो इस बात की संभावना है कि आप उस समय संक्रमित नहीं थे जब परीक्षण किया गया था। फिर भी, परीक्षण का नेगेटिव परिणाम इस बात कि गारंटी नहीं है कि आपको COVID-19 नहीं है।

यदि आपकी जांच नेगेटिव पाई जाती है, तो आपको राष्ट्रीय एवं स्थानीय नियमों तथा मार्गदर्शनों का पालन करना जारी रखना चाहिए, जिसमें यथा अपेक्षित नियमित रूप से हाथ धोना, सामाजिक दूरी बनाए रखना तथा चेहरे को ढंकना शामिल हैं।

यदि आपमें उच्च तापमान, किसी नई तरह की निरंतर खांसी अथवा स्वाद या गंध आने की आपकी चेतना में कोई परिवर्तन अथवा हानि, संबंधी कोई लक्षण विकसित होते हैं तो आपको तथा आपके परिवार को स्वयं को अलग रखना चाहिए तथा निम्नलिखित साइट पर एक और जांच कराने के दिशानिर्देश हैं:
**gov.uk/get-coronavirus-test** अथवा **119** पर उपभोक्ता संपर्क केंद्र पर कॉल करके। लाइनें प्रतिदिन, सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली रहती हैं।

### शून्य परिणाम

यदि आपका परिणाम शून्य आता है, तो इसका यह अर्थ है कि यह जांच ठीक ढंग से नहीं की गई है। आपको पैक से एक और लेटरल फ्लो जांच का प्रयोग करने की आवश्यकता है। पहली जांच की किसी भी सामग्री का प्रयोग न करें, तथा जांच प्रक्रिया चरण 1 से आरंभ करें।

### यदि समस्या बनी रहती है

यदि समस्या बनी रहती है, तो तुरंत इन जांच किट का प्रयोग बंद कर दें।
यदि आपके पास कोई दूसरी जांच उपलब्ध नहीं है, तो आप NHS COVID-19 ऐप के माध्यम से अथवा निम्नलिखित साइट पर जाकर कोई अलग प्रकार का परीक्षण कर सकते हैं:

**gov.uk/get-coronavirus-test** अथवा **119** पर उपभोक्ता संपर्क केंद्र पर कॉल करके। लाइनें प्रतिदिन, सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली रहती हैं।

### 8 जांच निष्पादन

यदि किसी व्यक्ति में उच्च स्तरीय कोरोनावायरस (COVID-19) है, तो जांच में पॉज़िटिव परिणाम आने की संभावना अधिक होती है।
इसका अर्थ यह है कि इससे उन लोगों का पता लगने की सबसे अधिक संभावना है जो वर्तमान में संक्रामक हैं तथा जिन्हें तुरंत स्वयं को अलग रखने की आवश्यकता है।

### 9 अपनी जांच किट को सुरक्षित ढंग से निपटाएं

आपकी जांच पूरी हो जाने के बाद, प्रयोग की गई सभी जांच किट सामग्री को उपलब्ध कराए गए कचरा बैग में डालें तथा इसे अपने सामान्य घरेलू कचरे में डाल दें।

निपटान के बाद अपने हाथ अच्छी तरह से साफ करें।

## अपने जांच परिणामों को नोट करें

यह आपके अपने रिकॉर्ड के लिए है। आपको अभी भी अपने परिणाम NHS को सूचित करने हैं (जानकारी के लिए पृष्ठ 15 देखें)।
**Gov.uk/report-covid19-result** पर जाएं

| जांच किसने की | तारीख | समय | जांच का परिणाम |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

## आपकी किट में निम्नलिखित सामग्री है

| सामग्री | 3-पैक | 7-पैक |
|---|---|---|
| प्रयोग के लिए अनुदेश (यह प्रलेख) | 1 | 1 |
| ट्यूब होल्डर छिद्र वाला बॉक्स | 1 | 1 |
| सीलबंद पैक में जांच स्ट्रिप | 3 | 7 |
| निष्कर्षण बफर सैशे | 3 | 7 |
| निष्कर्षण ट्यूब होल्डर | 3 | 7 |
| सीलबंद आवरण के अंदर स्वैब | 3 | 7 |
| कचरा बैग | 3 | 7 |
| | उत्पाद कोड<br>TK2196 | उत्पाद कोड<br>TK2193 |

NHS

Test and Trace

इस उपकरण की आपूर्ति की अनुमति केवल NHS Test and Trace कार्यक्रम के तहत DHSC परिनियोजन के हिस्से के रूप में है।

**निर्माता:** Department of Health and Social Care, 39 Victoria Street, Westminster, London, SW1 0EU.

**DHSC के साथ अनुबंध के तहत इनके द्वारा निर्मित:** Xiamen Biotime Biotechnology Co Ltd, 2F/3F/4F, No. 188, Pingcheng South Road, Haicang Street, Haicang District, Xiamen, Fujian, 361026, P. R. China.

चिन्हों की सूची

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30°C 2°C | 2 – 30°C पर भंडारण करें | STERILE EO | एथिलीन ऑक्साइड के प्रयोग से जीवाणुरहित किया गया | | निर्माता | | जाँचों के लिए इसमें पर्याप्त हैं |
| LOT | लॉट संख्या | | इस तिथि तक प्रयोग करें | IVD | InVitro डायग्नोस्टिक मेडिकल डिवाइस | | यदि पैकेज क्षतिग्रस्त है तो इसका प्रयोग न करें |
| | सूरज की रोशनी से दूर रखें | | निर्माण की तिथि | | पुन: प्रयोग न करें | | पुनर्चक्रण योग्य है |
| | सूखा रखें | | प्रयोग के लिए अनुदेशों को पढ़ें | | सावधानी | | |

18 जून 2021 की स्थिति के अनुसार इस प्रलेख में दी गई सभी सूचनाएं तथा चित्र सही हैं।
संस्करण 1.3.4

**अपने सभी जांच परिणामों के बारे में NHS को सूचित करें**